तापमान
अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 4.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

11 संकट मोचन मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

12 गणतंत्र दिवस पर कड़ी सुरक्षा पुलिस चौकस


## शहर में आज

- राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल
- बिजली निगम कार्यालय में सुबह 10 से 2 बजे तक खुला दरबार
- रोडवेज कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से

## खबर संक्षेप

### युवक पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने शिव कॉलोनी निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी शहर ने बताया कि 17 मार्च 2023 को शिव कॉलोनी निवासी अनिल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि अनिल व अनिल के भाई सुनील ने नेहरू कॉलोनी नजदीक जींद रोड बेरी के पास आरओ का प्लांट कर रखा है। 16 मार्च को अनिल के पास सुनील को फोन आया कि तीन अज्ञात युवकों ने तेजधार हथियार से गर्दन पर चोटे मारी है। जांच के दौरान 21 जनवरी को आरोपी सोमबीर निवासी बुताना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस

**रोहतक।** पुलिस ने जींद बाईपास के पास से हुई मोटरसाइकिल चोरी की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी शहर ने बताया कि गोपाल कॉलोनी निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 24 दिसंबर को दीपक अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर रात करीब 11.30 बजे जींद बाइपास पर स्थित होटल पर आया हुआ था। बाद में बाइक गायब मिली। जांच के दौरान 21 जनवरी को आरोपी रविन्द्र निवासी श्याम पाना मोखरा को गिरफ्तार किया गया है।

### युवक अवैध हथियार सहित काबू

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी सीआईए-1 कुलदीप सिंह ने बताया कि गोहान रोड की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान मोहित शिव कॉलोनी जींद रोड के रूप में हुई है।

# अयोध्या में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर 'राममय', लोगों ने घरों में जलाए घी के दीये

## लोगों ने मंदिरों और घरों में श्रद्धा से देखा समारोह का सीधा प्रसारण, शहर में जगह- जगह लगे भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को पूरा रोहतक राममय हो गया। जय श्री राम के उद्घोष ने वातावरण भक्तिमय कर दिया। सैंकड़ों जगह बड़ी एलइडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम को लाइव देखा गया। सभी ने भगवान श्रीराम का गुणगान किया। शाम के समय मंदिरों, बाजारों व घरों में दीपक जलाकर व आतिशबाजी कर दीपावली मनाई गई। जगह-जगह कहीं हलवे का प्रसाद बांटा गया तो कहीं पर हवन यज्ञ और भंडारों का आयोजन किया गया। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में भजन कीर्तनों के दौरान भक्त भक्ति में लीन नजर आए। मंदिरों में सुबह से ही भजन व कीर्तन शुरू हो गया था।

■ सुबह होते ही शहर के मंदिरों में शुरू हो गए भजन-कीर्तन



**रोहतक।** पुरानी आईटीआई में भगवान राम दीपमाला कर पाठ करते श्रद्धालु।

## 15 हजार दीपक जलाकर रामभक्तों ने किया पाठ

अयोध्या में भगवान श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पुरानी आईटीआई मैदान स्थित कम्युनिटी सेंटर में एलपीएस बोसार्ड व श्री रामलीला उत्सव कमेटी द्वारा धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। कलाकारों द्वारा बनाई गई 51 इंच की श्रीराम की प्रतिमा आकर्षक का केंद्र रही। रामभक्तों ने एक साथ 15 हजार घी के दिए जलाकर सुंदर पाठ किया। श्रीराम की प्रतिमा का पंचाभिषेक रामभक्तों ने किया और पंडितों द्वारा विधिविधान से मंत्र उच्चारण कर यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, सांसद अरविन्द शर्मा व उनकी पत्नी रीटा शर्मा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार शर्मा व उनकी पत्नी उमा शर्मा, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री, ब्रह्मकुमारी रक्षा दीदी, डॉ. मारकण्डे आहुजा, समिति के प्रधान सुभाष तायल द्वारा चांदी के फूलों से ध्वजारोहण किया गया व चांदी के फूलों की वर्षा की गई। प्रभु राम के जीवन से जुड़ी सुंदर झांकियों का मंचन किया गया। 15000 दीपक, मोमबती व लाईटों से आईटीआई पार्क, कम्युनिटी सेंटर के पास का क्षेत्र जगमग हो उठा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, विधायक भारत भूषण बतरा, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर सिंह ढाका सहित, मदन गोयल, समाजसेवी उद्योगपति राजेन्द्र बंसल, राजीव जैन, सन्नी निझावन, अंकित गर्ग, योगेश अरोड़ा, बृजबाला गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



### जय श्रीराम...



### घर-घर दिवाली

अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। सोमवार को जिले में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। हर कोई अपने-अपने तरीके से इस दिन की खुशी मनाता नजर आया। बाजारों व घरों में लोगों ने दीपक जलाकर दीवाली मनाई। गुफा वाला मंदिर, पाड़ा मोहल्ला स्थित माता मंदिर, गोकर्ण डेरा, संकट मोचन मंदिर, बड़ा बाजार स्थित श्री दुर्गा महारानी मंदिर, दुर्गा भवन मदिर के अलावा रेलवे रोड, गांधी कैंप, भिवानी स्टैंड, बड़ा बाजार, मॉडल टाउन, सुभाष नगर, किला रोड आदि शहर के प्रमुख बाजारों में श्रीराम लाला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम लाइव देखा गया।। बाजारों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। कई जगह शोभायात्रा निकाली गई। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण राममय हो गया।

### रेलवे रोड पर दिवाली



# कल जिले को 78 करोड़ रुपये की 7 परियोजनाओं की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को वर्चुअली 78 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक धनराशि की जिला की 7 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 24 जनवरी को दोपहर बाद 2 बजे डूल्ट गांव स्थित ग्राम सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। जिसमें राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा मुख्यातिथि रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिला वासियों को समारोह के माध्यम से 7 विकास योजनाओं की सौगात दी जाएगी। इन 7 विकास योजनाओं में से मुख्यमंत्री 4 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 3 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास किए जाने वाली विकास परियोजनाओं में लाहली-कलानौर-महम रेलवे स्टेशन के बीच लेवल क्रोसिंग पर 35 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की धनराशि से बनने वाले 2 लेन ऊपरगामी पुल, रोहतक शहर में एलीवेटिड रेल कोरिडोर के साथ 21 करोड़ 27 लाख से अधिक की धनराशि से बनने वाली नई सड़क, 6 करोड़ 25 लाख रुपये से अधिक की धनराशि से बनियानी माइनर की बुर्जी संख्या शून्य से 20044 एवं डोभ माइनर की बुर्जी संख्या शून्य से 4700 की रिमोडलिंग तथा 2 करोड़ 93 लाख रुपये से अधिक की धनराशि से ढुराना माइनर पर काम होगा।

### बाढ़ राहत कार्यों के लिए लगेंगा पेवर ब्लाक



उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 3 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया जाएगा। इनमें महम ड्रेन की बुर्जी 50 पर बाढ़ राहत कार्यों के लिए लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक लगाना, ईओटी क्रेनस, ट्रांसफॉर्मर्स तथा नए पंपों की खरीद, रोहतक लिंक ड्रेन की बुर्जी संख्या 8287, 11210, 18999, 21317 एवं 22712 पर 4 करोड़ 56 लाख रुपये से अधिक की धनराशि से नवनिर्मित पुल तथा महम ड्रेन की बुर्जी संख्या 63000 के स्थाई पंप हाऊस पर एक करोड़ 38 लाख से अधिक की धनराशि से स्थापित किए गए नए पंप के कार्य शामिल है।

# फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने सरकार से मांगा समान काम, समान वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ की एक प्रदेश स्तरीय बैठक महम दमकल केंद्र में हुई। इसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान संदीप सिंघवा, उपप्रधान आनंद लाठर व जोगेंद्र दहिया ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान दमकलकर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सरकार से समान काम समान वेतन देने की मांग की। कहा कि उन्हें मडिकल की कैशलैस सुविधा का लाभ दिया जाए। दमकल केंद्रों में पे रोल व कौशल के माध्यम से लगे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। दमकल कर्मचारियों ने फायर विभाग का अलग से निदेशालय बनाया जाए जाने और दमकलकर्मियों को वर्दी भत्ता पर प्रदेश सरकार व निदेशालय के अधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर नीरज सिंहमार, पवन कुमार, जितेंद्र कुमार, शीलू, नरेंद्र, संदीप कुमार, सत्यवान, सोमबीर, राजपाल, सतीश व अन्य मौजूद रहे।

■ पे रोल व कौशल के माध्यम से लगे कर्मियों को पक्का करने की मांग


**महम।** बैठक में मौजूद कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

**राजकीय महिला महाविद्यालय में होगा कार्यक्रम का आयोजन**

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह आज, मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे मुख्यातिथि, शहर की सुरक्षा चाक-चौबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगे। इस समारोह के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। यह जानकारी उपायुक्त अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश के जन-जन विशेषकर युवाओं तक संत महापुरुषों का सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत महापुरुषों की विचारधारा एवं उनकी शिक्षाओं को पहुंचाने के लिए महापुरुषों की जयंतियों के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नेता सुभाष चंद्र बोस की देशभक्ति तथा उनके विचारों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 23 जनवरी को रोहतक आगमन पर सर्वप्रथम स्थानीय मॉडल टाउन स्थित गुफा वाला मंदिर में पहुंचकर मत्था टेंकेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री सुभाष चौक पर स्थित नेता सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे तथा इसके बाद राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

■ मुख्यमंत्री गुफा वाले मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लेंगे


**रोहतक।** कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।


**रोहतक।** कार्यक्रम स्थल पर ऐसे चल रही तैयारियां।

**पुलिस अधिकारियों ने की तैयारियों की समीक्षा :** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समारोह के दृष्टिगत यातायात, पार्किंग, सुरक्षा सहित सभी पुख्ता प्रबंध किए गए है। समारोह स्थल पर समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। झज्जर के पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन एवं रोहतक की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में समारोह के लिए की जा रही तैयारियों का मौके पर निरीक्षण किया तथा सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की।

# कल हड़ताल पर रहेंगे रोडवेज कर्मचारी सरकार पर वायदाखिलाफी का आरोप


**रोहतक।** बैठक में हड़ताल को लेकर रणनीति बनाते रोडवेज कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा रोहतक डिपो के सभी अध्यक्षों द्वारा 24 फरवरी को होने वाली एक दिवसीय हड़ताल के संदर्भ में बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसका संचालन वरिष्ठ सदस्य सांझा मोर्चा जयकुंवार दहिया ने किया। मीटिंग के बाद नेताओं द्वारा कर्मशाला एवं बस स्टैंड पर कर्मचारियों को हड़ताल के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया। जयकुंवार दहिया, गिरिराज, सोनू हुड्डा, जोगिंद्र मलिक, जोगिंद्र ढुल, सुरेश नहरा, राजेश आदि ने बताया कि हरियाणा सरकार रोडवेज कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है। जिससे रोडवेज कर्मचारियों में भारी रोष है। इसी को लेकर 24 जनवरी को रोडवेज कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल करेंगे। वहीं चार फरवरी को होने वाले आक्रोश रैली में भी हिस्सा लेंगे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उमेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने देखा लाइव कार्यक्रम

# जय श्री राम के उद्घोष से राममय हुआ रोहतक शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर झंग कॉलोनी स्थित उमेश्वर महादेव मंदिर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पंडित शिवम पांडेय द्वारा हवन यज्ञ के बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में लगाई गई बड़ी स्क्रीन के सामने बैठकर राम लाल प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखा। जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पूरा हुआ पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य अशोक खुराना, पार्षद कंचन खुराना, पंडित नरेंद्र वत्स, पंडित नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



## श्रीराम के जीवन से सीख लें



रोहतक। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अपने मंदिर में विराजते ही भक्तों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। श्री राम मंदिर स्थापना दिवस पर एसएम मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अध्यापकों ने भाग लिया। निदेशक संजय सहरावत व प्रचार्या शालिनी सहरावत ने कन्या पूजन किया व सभी को श्री राम के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

## रामलला की आरती की



रोहतक। विकल्प पब्लिक स्कूल में राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्कूल प्रागंण को भव्य तरीके से सजाया गया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह सहित सभी अध्यापकों ने श्री राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्वलित किया व राम लला की आरती भी की। पूजा द्वारा अयोध्या राम मंदिर विवाद से निर्माण तक की कहानी सुनाई गई। इसके बाद बरखा, मनीषा, रेणुका, कोमल व खुशबू अध्यापिकाओं ने राम आएंगे गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशिका किरन खुराना, कोर्डिनेटर मंजू सहित अन्य मौजूद रहे।

## राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शोभा यात्रा व झांकी निकाली

रोहतक। बनियानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में विशाल शोभा यात्रा और झांकी निकालकर भगवान श्री राम को नमन किया गया। महंत लीलानाथ ने बताया कि मंदिर में सभी मूर्तियों का अनाज व पुष्पों से तथा पंचामृत से अभिषेक किया गया। पंडितो द्वारा मंत्र व पूजा पाठ के साथ चार दिन के मंत्र व पूजा द्वारा मूर्ति स्थापाना की गई। भगवान राम के मंदिर का शुभारंभ हुआ व शिव परिवार की स्थापना की गई। शाम को मंदिर में 1100 दिए जलाकर दीवाली मनाई गई। इस अवसर पर महंत लीला नाथ, किशोरी खट्टर, महेंद्र उर्फ गपू, बब्बू फौजी ,वीरेंदर फौजी, सुरेश सरपंच, लीला मास्टर, जेपी फौजी, सतपाल फौजी, वेदपाल, राजेश प्रधान सोनू, सुमन ठाकुर, सुमित, अशोक परमार, बंसी बिज, भूदेव पंडित, अनिल कुमार, सोमबीर, भीम सिंह, धन्ना, महीपाल आदि मौजूद रहे।



## राम मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा, भिवानी स्टैंड पर लगाया भंडारा



रोहतक। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रेलवे रोड ट्रेडर्स एसोसिएशन की तरफ से भिवानी रोड पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ रोहतक ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत बख्शी व एसोसिएशन के सदस्यों ने भगवान राम की पूजा अर्चना के साथ किया। बख्शी ने कहा कि भगवान राम ने उच्च आदर्श स्थापित किए थे। राम मंदिर के लिए अनेक वर्षों से संघर्ष चल रहा था, जो आज पूरा हुआ है। शहरवासी ढोल नगाड़ों की थाप पर थिरकते हुए नजर आए। हर तरफ भगवान राम का जयघोष सुनाई दे रहा था। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोगों ने दीपावली जैसा ही जश्न मनाया।

## ढोल नगाड़ों के साथ किया रामलला का स्वागत

रोहतक। श्री शिव महादेव मंदिर में श्री राम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। मनीष नारंग ने बताया कि सभी भक्तों ने इस खास मौके को महा दीपावली के रूपे में मनाया और मंदिर को अत्याधुनिक लाइट्स एवं फूल मालाओं से सजाया गया। सभी भक्तों के सहयोग से भंडारे भी वितरण किया गया। श्री शिव महादेव मंदिर एवं जगदंबा सेवा मंडल द्वारा मनमोहक अशोक वाटिका की झांकी निकाली गई।



## शिक्षा भारती विद्यालय में सुंदरकांड पाठ और कीर्तन का हुआ आयोजन

रोहतक। जेपी कॉलोनी स्थित शिक्षा भारती विद्यालय में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। शुभारंभ भगवान राम के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पाठ व आरती कुलदीप द्वारा करवाई गई। अनेकों दीप प्रज्ज्वलित कर राम लला प्राण प्रतिष्ठा को महादीपावली की तरह मनाया गया। आरती की गई। प्रसाद का वितरण कर समापन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष वेद प्रकाश सेतिया, कोषाध्यक्ष पुष्पदीप डागर, अंकुश जसपाल, पूर्व प्रबंधक समिति से सतीश गोयल, ब्रजबाला, प्रधानाचार्या आशु साहनी सहित अन्य मौजूद रहे।



## श्रीराम का वंदन किया



रोहतक। श्री बाबा मस्तनाथ रेजिडेंशियल सैनिक विद्यालय में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण विद्यालय परिसर में कैडेट्स को दिखाया गया। निदेशक हंसराज बलवान, प्राचार्य सुरेंद्र सिंह व उप प्राचार्या अंजू मलिक ने बताया कि इस राममयी दृश्य को देखकर सभी ने बहुत ही हर्ष महसूस किया और अपने दोनों हाथ जोड़कर श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय उन्हें वंदन किया। हंसराज बालवान ने बताया कि श्री राम की मूर्ति बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

## श्रीराम लिखकर 5100 दीए जलाए



रोहतक। शिवओम एजुकेशनल सोसायटी निगाना में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य में हवन, दीपोत्सव, लघु नाटिका एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में 5100 दियों पर जय सियाराम लिखकर उन्हें प्रज्वलित किया गया। कालेज के डायरेक्टर डॉ. राकेश सेहरावत ने छात्रों को बताया कि सभी को श्रीराम के आदर्शों का पालन करना चाहिए। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में ढालने का संकल्प भी लिया। अमिटि विश्वविद्यालय से मनोवैज्ञानिक विभाग से एमए की छात्रा मानवी ने श्रीराम की जीवन लीलाओं के बारे बताया। इस अवसर पर बसंत कौर, गांव निगाना के सरपंच भगत सिंह, पूर्व सरपंच मोनिका सिक्का, अमिता, डॉ. रविंद्र नरवाल, इंद्रप्रस्थ कालेज की प्रधानाचार्या डॉ. अनीता, विकास जून, गौरव शुक्ला, ओवैद अनवर, सतीश कुमार, इंदू चहल, अल्का शर्मा, कोमल ढाका, सुनीता, ज्योति फोगाट आदि उपस्थित रहे।



## शहर में भक्तिमय हुआ वातावरण

रोहतक। अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर वार्ड 20 में एकता कॉलोनी, जय दुर्गा प्राचीन मंदिर, श्री राम मंदिर, हनुमान मंदिर, अंबेडकर कॉलोनी शनि मंदिर, पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी शिव पार्वती मंदिर, शिव मंदिर, राधे-राधे मंदिर में भंडारा एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजमल किलोई, प्रसिद्ध समाज सेवक जसबीर कुमार, ईश्वर सिंह आर्य, पूर्व विधायक सरिता नारायण आदि उपस्थित रहे।

## राम नाम सत्संग का आयोजन



रोहतक। श्री गोगामेड़ी धाम मकडोली में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम नाम के सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला आरएसएस अधिकारी जगत सिंह, मंडल अध्यक्ष जसिया, सतीश ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।



## श्रीराम जैसा चरित्रवान बनें

रोहतक। श्री राम प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में ब्रह्मा कुमारीज सेवा केंद्र शीला बाईपास पर दीए जलाकर खुशी का इजहार किया गया। सेवा केंद्र प्रभारी बीके रक्षा बहन ने सभी को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी और कहा कि हमें भी श्रीराम जैसा चरित्रवान, मर्यादा पुरुषोत्तम बनने की आवश्यकता है।

## भगवान राम का गुणगान किया



रोहतक। अयोध्या धाम में श्री राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण सुभाष नगर के सनातन धर्म हनुमान मंदिर में एलईडी पर और शिव मंदिर में स्क्रीन प्रोजेक्टर लगाकर दिखाया गया। इस दौरान दोनों मंदिरों में कीर्तन एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। आरती के साथ-साथ प्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान यशपाल धींगड़ा, अशोक हुरीया, किशन लाल बत्रा, विजय भुटानी, सुंदर जेटली, कीर्ति चुघ, वीना सहगल सहित अन्य मौजूद रहे।

## सनातन धर्म के अभ्युदय का शंखनाद हुआ: सिद्धार्थ

रोहतक। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का होना एक असाधारण घटना है और यह एक नए युग का सूत्रपात है। इससे सनातन धर्म का सशक्तिकरण हुआ है और यह सनातन धर्म के अभ्युदय का शंखनाद है। यह कहना है ओशोधारा के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया का। ओशोधारा नानक धाम मुरथल आश्रम से अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर महाबलीपुरम पहुंचकर उन्होंने अपना आध्यात्मिक संदेश दिया। उनके साथ हरियाणा समेत समूचे भारत से 150 से ज्यादा साधक तमिलनाडु ओशोधारा मैत्री संघ के निमंत्रण पर पहुंचे हैं। वहीं समर्थगुरु के निर्देशानुसार ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक के साधकों ने अपने मेडिटेशन सेंटर में ध्यान करके एवं अपने-अपने घरों में घर के बाहर दीए जलाकर, उत्सव मनाकर 22 जनवरी का दिन अविस्मरणीय बनाया।

तेरहवीं



स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश मलिक (6/12/1940-14/1/2024)

आप सभी को अत्यंत दुखी हृदय से सूचित किया जाता है कि श्री ओम प्रकाश मलिक पुत्र स्वर्गीय टेक चन्द मलिक अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके दिनांक 14/1/2024 को प्रभु के चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शान्ति के लिए तेरहवीं रस्म क्रिया सुबह 10:00 बजे दिनांक 25/1/2024 को उनके निवास स्थान मकान नं. 148/14, चुन्नी पुरा, नरेन्द्र राठी वाली गली, नजदीक सैनी हाई स्कूल (लड़कों वाला) में होगी।

शोकाकुल परिवार

अंगुरी देवी (पत्नी) — विजय बुधवार (पुत्री)
मांगे राम मलिक (भाई) — धर्मेंद्र बुधवार (दामाद) (डॉक्टर फिशरीज़)
सतपाल मलिक (भाई) रिटायर्ड कर्नल — डा. रमा राणा, हिना तुशीर (पौत्री)
संदीप मलिक (एस.डी.ओ. इरिगेशन) (पुत्र) — मोहित राणा, सुनिल तुशीर (पौत दामाद)
सुनिता मलिक (पुत्रवधु) — बलजीत, दलबीर, सुरेश,
प्रदिप मलिक (पुत्र) — हंसराज, विजेन्द्र,
सुशील मलिक (पुत्रवधु) — जयभगवान, श्रीभगवान (भतीजे)

पोरस मलिक (एडवोकेट), तनमय मलिक, भव्य मलिक (पौत्र)

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सद्भावना यात्रा निकाली



रोहतक। सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति के मानव धर्म आश्रम से भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में सद्भावना यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा के साथ महात्मा रोशनी बाई द्वारा यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा का समापन सुनारिया चौक पर हुआ और प्रसाद वितरित किया गया। सभी ने भगवान श्री राम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर मानव सेवा दल के मंडल सलाहकार कृष्ण, मंडल प्रशिक्षक दीपक, डॉक्टर वीरेंद्र, हरिओम, सूर्य प्रकाश, रोहतास, समिति से राजिंदर सिंह, केला देवी, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।



## संकट मोचन मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

रोहतक। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ स्थल अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया गया। घी के दीपक जलाए गए। अयोध्या का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा गया। भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए तो दिवाली मनाई गई। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि अयोध्या ही नहीं, देश व प्रदेश के हर कोने में श्रीराम के जयकारें गूंज रहे हैं। मर्यादा पुरुषोतम भगवान राम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी हिंदुओं की आस्था और भक्ति का प्रतीक है।



## राम के चरित्र का वर्णन किया

रोहतक। अयोध्या राम मंदिर श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण रामा आश्रम श्रीनगर लोनी में स्क्रीन के माध्यम से देखा गया। इस मौके पर सत्संग का आयोजन भी किया गया, महिलाओं ने श्रद्धा व भक्ति के साथ भजनों के माध्यम से अपने भगवान राम को याद किया। महंत अशोक दास महाराज तथा महंत रामानुज दास महाराज ने प्रभु राम के जीवन चरित्र से जुडे हुए प्रसंगों के माध्यम से सभी को अवगत करवाया।



## रोटरी क्लब ने लगाया भंडारा

रोहतक। रोटरी क्लब के प्रधान एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मारकंडेय आहूजा ने कहा कि आज श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह की धूम पूरे विश्व में गूंज रही है। इसी खुशी के अवसर पर रोटरी क्लब ने श्रद्धा और उल्लास के साथ भंडारे का आयोजन किया। डॉ. मारकंडेय आहूजा ने कहा कि भगवान राम के आदर्शों पर चलकर हम सभी अपने देश की सभ्यता और संस्कृति के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं ।



## श्रीराम चंद्र का दरबार सजाया

रोहतक। अयोध्या में भगवान रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सोमवार को एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल शोर कोठी में हवन पूजन का आयोजन किया गया, इस दौरान स्कूल प्रांगण में श्री रामचंद्र का दरबार सजाया गया। हवन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## अक्षत भगवान राम के चरणों में अर्पित किए



रोहतक। कुमाउं सभा के श्री राम मंदिर में अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत को भगवान राम के चरणों में अर्पित किया गया। अयोध्या धाम से श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने भगवान राम के भजनों पर नत्य किया। प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्रधान आनंद सिंह, उपप्रधान जगदीश जोशी, रघुवर दत्त, भुवन चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।



## दुर्गा महारानी मंदिर में 1100 दीये जलाए

रोहतक। अयोध्या मंदिर में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ा बाजार स्थित श्री दुर्गा महारानी मंदिर में 1100 दीये जलाकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## प्रभात फेरी निकाली गई




कलानौर। अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में कलानौर तथा क्षेत्र के सभी गांवों में उत्सव मनाया गया। गांवों के मंदिरों को सजाया गया तथा कलश यात्रा निकल गई और हवन यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा कलानौर के सभी मंदिरों, गुरुद्वारों, टिकाणों तथा आश्रमों से सुबह प्रभात फेरी निकाली गई तथा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर कलानौर में भंडारे का आयोजन किया गया।

## भगवान के जीवन से प्रेरणा लेकर सच्चाई के रास्ते पर चलें



रोहतक। सनसिटी सेक्टर 36ए स्थित स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल के बच्चों ने अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बहुत सुंदर कलाकृतियां बनाई। बच्चों ने सुंदर-सुंदर अक्षरों में दाल-चावल के दानों से श्रीराम लिखकर उनके नाम को एक भव्य रूप प्रदान किया। बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दीये बनाकर उनको अलग-अलग रंगों से सजाया। बच्चों ने श्रीराम के जीवन पर सुंदर-सुंदर रंगों से पंक्तियां लिखकर अपने विचार व्यक्त किये। अभिभावकों द्वारा बच्चों को राम के जीवन चरित्र से संबंधित कहानियां भी सुनाई गई। संस्था के प्रबंधक कैप्टन सुबे सिंह राणा ने कहा कि वह भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चले।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

चेहरे की सुंदरता बढ़ाएं
Levo Fairness Cream
चेहरे पर छाईयां, दाग-धब्बे (डार्क सर्कल) कम करने में लाभदायक
MRP. 120/-
मोटापा घटाएं, जोड़ों (घुटनों/डिस्क) दर्द, गंजापन (बालों का झड़ना/सफेद होना) ब्रेस्ट क्रीम (महिला), पुरूष रोग (जोश व टाईम) हर्बल कोर्स मंगवाएं
अभी ऑर्डर करें। घर बैठे मंगवाएं
8529169000
MHC Ayurveda: Rohtak Gate, Bhiwani
आवश्यकता: महिला (घर बैठे काम करें)

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

सैक्स समस्यायें
M. 9468439815, 8708047093
मर्दाना ताकत, 7 दिन वाला कोर्स
नसों का ढीलापन अविकसित अंग धात, शीघ्रपतन, कम निल शुक्राणु स्त्री रोग, फिगर बनाएं
DR. K.K. SHOREN, B.A.M.S
जुनेजा मॉर्डन फार्मेसी
सैक्टर 2-3 पार्ट, 1866, नजदीक लिटल श्री स्कूल, रोहतक

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS Doctor 2
- Nursing Staff 6
- RMO 4
- Computer Operator 1
- Accountant 1
- Gatekeeper 3
- Sweeper 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**

## श्री राम की याद में लगाया रक्तदान शिविर

**सांपला।** भैंसरू खुर्द में शनिवार को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भंडारा लगाया गया। इस मौके पर युवाओं ने रक्तदान शिविर भी लगाया। जिसमें करीब 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सुबह हवन किया गया, जिसके बाद भंडारा शुरू किया गया था। इस दौरान मंदिर में जय श्री राम के नारे भी लगे।



## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर किया पौधरोपण

**रोहतक।** राष्ट्रीय आजाद युवा आर्गनाइजेशन सोसायटी द्वारा प्रेम मंदिर स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी में अयोध्या में हो रहे श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोसायटी प्रधान सुरेंद्र काले व उप्रधान अनूप सैनी द्वारा प्रेम मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। मंदिर परिसर में छोटी बच्ची कजिंका वर्मा द्वारा पौधरोपण करवाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पंडित राकेश बृजवासी, दीपक कुमार, मनीष शर्मा, नवीन कुमार, योगेश पवांर, अनूप सैनी, आकाश, सागर सैनी आदि मौजूद रहे।

## 'घर घर कांग्रेस अभियान को मिल रहा समर्थन'

**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन इशपुनियानी ने कहा कि घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जहां भी सांसद दीपेंद्र हुड्डा जाते हैं सभी जगह जनता उन्हें दिल खोलकर प्यार दे रही है। घर घर कांग्रेस अभियान से भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस के अभियान को जिस तरह जानता का अपार साथ मिल रहा है उसे देखकर भाजपा समझ चुकी है कि अब कांग्रेस के दिन आने वाले हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस के अभियान से भाजपा डर चुकी है।



# गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, पुलिस अलर्ट

## सीमाओं पर नाकाबंदी में बरती जा रही अतिरिक्त चौकसी, तलाशी अभियान शुरू

एसपी हिमांशु गर्ग ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में चेकिंग करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक





गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने पूरी तरह से कमर कस ली है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। सीमाओं पर नाकाबंदी में अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है। शहर में एलएमजी से लैस पीसीआर को गश्त के लिए लगाया गया है। इसके साथ ही विभिन्न होटल व धर्मशाला में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर भी चेकिंग की गई। गणतंत्र दिवस तक पुलिस दिन भर अभियान चलाएगी।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन गणतंत्र दिवस की तैयारियों में लगा हुआ है। पिछले कई दिनों से पुलिस लाइन में निजी स्कूलों के बच्चे और पुलिसकर्मी अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी आयोजन में कोई कुछ गड़बड़ न करे, इसलिए एसपी हिमांशु गर्ग ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में चेकिंग करने के निर्देश दिए हुए हैं। सोमवार की सुबह से लेकर शाम तक सभी थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्रों में चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने होटलों और सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग की। हालांकि इस दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध व्यक्ति या फिर सामान नहीं मिला है। साथ ही जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर और आरपीएफ ने ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया। इसके अलावा शहर के मुख्य रेस्टोरेंट पर भी लोगों की तलाशी ली गई। इस दौरान आम लोगों में हड़कंप मचा रहा। एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि अगर किसी भी व्यक्ति को कोई लावारिस सामान जैसे खिलौने, इत्र की शीशी, बैटरी, साइकिल, स्कूटर या कार दिखे तो उसको न छेड़े और इसकी सूचना जल्द पुलिस को दें। अगर किसी को कोई संदिग्ध व्यक्ति मिलता है या शहर में घूमता दिखता है तो उसके बारे में भी जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### नाके लगाकर चेकिंग की तेज

एसपी ने बताया कि जिले में नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग तेज कर दी गई है। इसके साथ ही हथियारों से लैस एक पीसीआर को लगाया है। जोकि शहर में विभिन्न स्थानों पर गश्त कर रही है। किसी भी अप्रिय घटना के समय यह पीसीआर मौके पर पहुंचेगी। इतना ही नहीं संदिग्धों पर भी नजर रहेगी।



## प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से जीवन हुआ सार्थकः बंसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

■ सैनिक कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में लाइव प्रसारण हुआ

अयोध्या में हुए भगवान श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा भव्य समारोह को सैनिक कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में लाइव प्रसारण हुआ। रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम को देखकर आम जन राम के रंग में रंग गया और भगवान श्री राम के नाम का जाप करते हुए नाचने लगा। भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण के बाद रोहतास ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन विजय पाल बंसल व भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के कोषाध्यक्ष अजय बंसल ने परिवार सहित शिव मंदिर के प्रांगण में हवन यज्ञ किया और हवन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का भोग प्रभु श्री राम को लगाकर शुभारंभ किया।

रामसेवक विजय पाल बंसल व भाजपा नेता अजय बंसल ने कहा कि आज सनातन धर्म का झंडा रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा से और भी ऊंचा हो गया है और आमजन का जीवन आज भगवान राम के आशीर्वाद से सार्थक हुआ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राम सेवक सुरेश बंसल, ब्रिज भूषण बंसल, मनीष बंसल, आशीष बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर परिषद रोहतक के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश बागड़ी, नितिन बंसल, अतुल बंसल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र रावत, भाजपा नेता सुरेंद्र माडू ,रेनू डाबला, पार्षद सुरेश सैनी, राजपाल व सैकड़ों राम भगत मुख्यरूप से उपस्थित थे।

## अयोध्या में श्री राम उत्सव के अवसर मदवि में छात्र-छात्राओं ने निकाली यात्रा

■ इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुनीता सैनी, डॉक्टर श्रीभगवान, डॉक्टर सविता ने यजमान बनकर यज्ञ पूर्ण किया।



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में अयोध्या के श्री राम उत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने यज्ञ शाला में यज्ञ करके ओम ध्वज हाथों में लेकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए यात्रा निकाली। इस अवसर पर आचार्य यशवीर ने छात्र-छात्राओं से श्री राम के आदर्श चरित्र को अपने जीवन में अपनाने का हाथ उठवाकर संकल्प दिलवाया। यज्ञशाला के पूर्व विद्यार्थी डॉक्टर सुशील कुमार आर्य तथा आकाश हुड्डा ने राम का नाम लेने से पहले करो राम से काम.....गीत गाकर वातावरण संगीतमय बनाया। इस अवसर पर संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुनीता सैनी, डॉक्टर श्रीभगवान, डॉक्टर सविता ने यजमान बनकर यज्ञ पूर्ण किया। इस मौके पर डॉक्टर सुनीता मल्हान ने छात्र-छात्राओं को ओम ध्वज यात्रा के लिए प्रेरित किया वह स्वयं यात्रा का नेतृत्व भी किया। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षक संघ के प्रधान विकास सिवाच, दया आर्य, मीणा भाटिया, राजेंद्र शास्त्री, राजेंद्र सिंह हुड्डा, डॉक्टर सतवीर सुहाग तथा सुरक्षा अधिकारी रमेश ढाका इत्यादि भी उपस्थित रहे।

## शमशेर सिंह खरक बने लोस चुनाव प्रबंधन समिति के मीडिया सह प्रमुख



■ प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सोमवार को की संगठनात्मक नियुक्तियां

■ मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया

**रोहतक।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने हरियाणा में भी अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने सोमवार को संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। इस बाबत नायब सैनी द्वारा अधिकारिक पत्र भी जारी किया गया है। भाजपा मीडिया के प्रदेश सह प्रमुख शमशेर सिंह खरक को लोकसभा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति में मीडिया सह प्रमुख का दायित्व दिया गया है। शमशेर सिंह ने मिले दायित्व पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी द्वारा लोस प्रबंधन समिति, लोस प्रभारी एवं संयोजकों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों की संगठनात्मक नियुक्तियां की।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति को जिंदा कियाः ग्रोवर

■ आज का दिन हर भारतीय के लिए बहुत ही ऐतिहासिक और पवित्रः पूर्व सहकारिता मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

श्री अयोध्या में प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और पवित्र दिन के मौके पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने दिल्ली रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय में रोहतकवासियों के लिए भंडारा लगाया। मीडिया से बातचीत में पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि आज का दिन हर भारतीय के लिए बहुत ही ऐतिहासिक और पवित्र दिन है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय संस्कृति को जिंदा करने का काम किया है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि अयोध्या में



**रोहतक।** प्रसाद वितरित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर।

प्रभु श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा ने हर भारतीय के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिंदुओं के हर तीर्थ स्थल की कायाकल्प हो रही है। इससे पहले, पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना की।

उन्होंने रोहतक शहर में आयोजित करीब 4 दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने डी पार्क, सेक्टर 2, गांधी कैंप, चिनॉट कॉलोनी, आर्य नगर, प्रेम नगर, सुभाष नगर, मॉडल टाउन, शिवाजी कॉलोनी, रेलवे रोड, झज्जर रोड, किला रोड, झंग कॉलोनी सहित अनेक जगह आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने सभी के लिए मंगल कामना की। पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कार्यकर्ताओं और रोहतकवासियों के साथ इस ऐतिहासिक पल के मौके पर जमकर खुशी मनाई। ढोल नगाड़ों पर कार्यकर्ताओं के साथ जमकर नाचे।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष बिट्टू भानकर, मंडल अध्यक्ष अशोक सहगल, सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा जिला टीम ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**रोहतक।** प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का स्वागत करते हुए भाजपा जिला प्रधान रणवीर ढाका।

**रोहतक।** भाजपा जिला टीम ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष ने सबको श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने पर बधाई दी। प्रदेश कार्यालय में हुई दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मौके पर जिला टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जाट एजुकेशन सोसायटी कॉलेजियम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जाट एजुकेशन सोसायटी कॉलेजियम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। सोमवार को जाट एजुकेशन सोसायटी के पूर्व विशेष कार्याधिकारी संजय राठी ने कॉलेजियम नंबर 58 से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस अवसर पर राठी ने कहा कि लंबे समय से संस्थाएं निरंतर उपेक्षा एवं कुप्रबंधन का शिकार रही हैं।

संस्था में लगभग दस वर्ष के अंतराल में चुनाव हो रहे हैं। साढ़े सात साल से संस्था को प्रशासन संभाल रहा है। इसी कारण जाट शिक्षण संस्थाओं का पूर्ण विकास नहीं हो पाया। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ अधिकारी नरेंद्र नरवाल, डॉ. सुरेंद्र नरवाल, प्रवीन बेनीवाल, नीरू लाठर, जगदीश एवं उनके सहयोगी उपस्थित थे।

### सतबीर सिंह छिकारा चुनाव मैदान में कूदे

संस्था के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य एवं नेशनल पब्लिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष व जाट स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन के प्रधान सतबीर सिंह छिकारा भी चुनाव मैदान में कूद गए हैं। इन्होंने वार्ड 55 से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि संस्था में कई बार कार्यकारिणी के सदस्य रहे हैं और संस्था के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। वे संस्था में स्थापित स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए हर समय मदद के लिए आगे आते रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे संस्था के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ते। हमेशा जाट संस्था के लिए अग्रणीय रहते हैं। उन्होंने अपने परिजनों एवं समर्थकों के साथ छोटूराम पॉलीटेक्निक में स्थापित जाट संस्था के चुनावी कार्यालय में अपना नामाकन दाखिल किया।

**गुलाब सिंह दिमाना ने भरा नामांकन :** संस्था चुनाव में पूर्व महासचिव गुलाब सिंह दिमाना ने भी वार्ड नं. 73 से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इन्होंने बताया कि जाट शिक्षण संस्था में चुनाव न होने से संस्था में विकास कार्य न होने से बहुत से कार्य प्रभावित हो रहे संस्था में उन्होंने कहा कि जाट संस्था की अंतिम कार्यकारिणी वर्ष 2015 तक रही। उन्होंने नामांकन दाखिल करने से पहले जाट स्कूल में स्थापित सर छोटूराम की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ अन्य वार्ड से नामांकन भरने वाले देवेन्द्र बालन्द, जोगेन्द्र कोच, राजेश तहलान, सुरेन्द्र बरहाणा, कृष्ण बरोना, दीपक मलिक (हैपी), जसवंत गोपालपुर, सन्दीप राणा, नवदीप (मोनू) पूर्व कोषाध्यक्ष शमशेर मलिक व अन्य समर्थित प्रत्याशी मौजूद रहे।

## जिला बार एसो. में वार्षिक भोज, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र भी पहुंचे



**रोहतक।** मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का स्वागत करते हुए जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन द्वारा वाषिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, विधायक भारत भूषण बत्रा पहुंचे।

इस दौरान जिला प्रधान अरविंद श्योराण, पूर्व प्रधान लोकेंद्र सिंह फौगाट, जितेंद्र हुड्डा, साहिल हुड्डा, अश्वनी हुड्डा, जितेंद्र बल्हारा, गौरव ढुल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। महासचिव दीपक हुड्डा ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व एमएलए संत कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. बिजेंद्र सिंह अहलावत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राजबीर कश्यप अधिवक्ता, निखिल नांदल गोल्ड मेडलिस्ट, अमन वशिष्ट को उनकी उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु.2500/-<br>रु.3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया



**रोहतक।** पाड़ा मोहल्ला स्थित माता मंदिर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर बाबा कमलपुरी महाराज, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्री सनातन धर्म दुर्गा मंदिर से राम यात्रा निकाली



**रोहतक।** अयोध्या में राममूर्ति स्थापना के उपलक्ष में श्री सनातन धर्म दुर्गा भवन मंदिर से भव्य राम यात्रा निकल गई, राम मूर्ति स्थापना के बाद आरती हुई और लड्डुओं का प्रसाद वितरितण किया गया। शाम को 11000 दिपकों से मंदिर जगमगा उठा। इसके बाद आतिशबाजी की गई। भजन संध्या का भी आयोजन हुआ।

## भगवान राम के आदर्शों पर चलें



**रोहतक।** श्रीराम लला के आगमन की खुशी में में लखपत बल्हारा ने भंडारे का आयोजन किया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जय श्री राम के जयकारों से वातावरण आनंदमय हो गया। राजेश लूंबा टीनू ने परिवार सहित भक्तजनों को भंडारे की सेवा शुभारंभ करवा कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लिया।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मिठाई बांट मनाई



रोहतक। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हिसार रोड के व्यापारियों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस दौरान व्यापारी नेता राजेश लूंबा टीनू का प्रसाद स्वरूप लड्डू से मुंह मीठा करवाया गया।

## सांपला में गूंजे जय श्री राम के नारे, मंदिरों में पूजा पाठ किया



**सांपला।** श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को सांपला भगवा रंग में रंग गया। मंदिरों में पूजा पाठ की गई व सार्वजनिक स्थानों पर भंडारे लगाए गए। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह मुख्य बाजार वाले प्राचीन शिव मंदिर में राम भक्तों द्वारा हवन यज्ञ किया गया। श्री राम की पूजा की गई। हनुमान चालीसा और सुंदर पाठ पढ़ा गया। इसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। बेरी रोड पर स्थित मंदिर के अलावा खरखोदा मार्ग वाले शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। बाजार में भंडारे लगाई गई। इसके अलावा संमचाना शिव मंदिर, गिझी दतोड़, इस्माईला सहित कई गांव के मंदिरों में श्री राम की पूजार्चना की गई। कई स्थानों पर डीजे लगाकर श्रद्धालु नाचते नजर आए। अयोध्या से श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए कस्बे में चार स्थानों पर एलईडी भी लगाई गई थी।